हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 28 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 31.6 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

11 रेलवे रोड दुकान पर चली नप की जेसीबी, कोर्ट केस खारिज होने के बाद लिया कब्जा


12 अंतिम दिन मंदिरों में मां सिद्धिदात्री हुई पूजा धार्मिक अनुष्ठानों के साथ नवरात्र हुए सम्पन्न


*जिले में 57 हजार से अधिक किसानों ने सरसों बेचने के लिए मेरी फसल मेरा-ब्यौरा पोर्टल पर करवाया रजिस्ट्रेशन*


# सरसों की सरकारी खरीद आज से, फ्रंट नंबर प्लेट की अनिवार्यता व बॉयोमेट्रिक के बाद ही वाहन की मंडी में एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

नई अनाज मंडी में रबी की फसल सरसों की सरकारी खरीद 28 मार्च से शुरू होने वाली है। फसल खरीद को लेकर मार्केट कमेटी की ओर से तैयारियां पूरी की जा चुकी है। अनाजमंडी में फरवरी से अब तक 60 हजार क्विंटल से अधिक सरसों ओपन में बेची जा चुकी है। किसान भी खेतों में जोर-शोर से सरसों की कटाई में लगे हुए है। किसानों को ओपन में 5800 से 6700 रुपये प्रति क्विंटल के भाव मिल रहे है। कुछ किसानों की सरसों 6800 के भाव से भी बिक चुकी है। सरकार की ओर से सरसों का एमएसपी 6200 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। जिले में 57000 से अधिक किसानों ने सरसों का मेरी फसल मेरा-ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है। हैफेड व हरियाणा स्टेट वेयर हाउस की ओर से सरसों की खरीद की जाएगी। शनिवार से शुरू हो रही सरकारी खरीद को लेकर डीएमईओ सत्यप्रकाश व मार्केट कमेटी सचिव मनीष कुमार ने शुक्रवार को अनाजमंडी में सरसों खरीद का निरीक्षण भी किया।


रेवाड़ी। अनाज मंडी पर सरसों सुखाते हुए मजदूर। फोटो : हरिभूमि

**सरकारी खरीद को लेकर तैयारियां पूरी**


रेवाड़ी। शुक्रवार को अनाज मंडी के फड पर लगी सरसों की ढेरियां। फोटो : हरिभूमि

**आठ प्रतिशत नमी तक सरसों की होगी खरीद**

जिले में गेहूं व सरसों की खरीद के लिए अनाज मंडी रेवाड़ी, कोसली, बावल व कंवाली में खरीद केंद्र बनाए गए हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से गेहूं की सरकारी खरीद एक अप्रैल से की जाएगी। जिले में हैफेड, खाद्य आपूर्ति विभाग और वेयर हाउस की ओर से फसल की खरीद की जाएगी। सरकार की ओर से गेहूं 2585 रुपये प्रति क्विंटल और सरसों 6200 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। हैफेड मैनेजर मनोज कुमार ने बताया कि सरसों में 8 प्रतिशत से ज्यादा नमी नहीं होनी चाहिए। किसान सुखाकर व साफ-सुथरी सरसों लेकर मंडी में आए ताकि उन्हें परेशानी न उठानी पड़े।



**वाहन की फ्रंट नंबर प्लेट अनिवार्य**

*सरकार की ओर से इस बार नए नियमों के अनुसार रबी फसल की खरीद की जाएगी है। किसानों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। इसी के साथ सरकार ने मंडियों में गेट पास फोटो सत्यापन के लिए वाहन की फ्रंट नंबर प्लेट अनिवार्य है। गेट पास के लिए किसान का बायोमैट्रिक सत्यापन भी होगा। किसानों को वाहन की फ्रंट नंबर प्लेट के फोटो और बॉयोमैट्रिक के बाद ही मंडी में एंट्री मिलेगी। मंडी में अपनी फसल लेकर आने वाले किसानों के वाहनों की नंबर प्लेट का गेट पर फोटो लिया जाएगा, जिसके बाद कर्मचारी उसे एप पर अपलोड करेंगे और बॉयोमैट्रिक के बाद ही किसानों को अनाज मंडी में एंट्री दी जाएगी।*

**काफी किसानों को एमएसपी पर भरोसा**

अनाजमंडी में किसानों को ओपन में सरसों के अच्छे भाव मिल रहे है। सूखी व अच्छी क्वालिटी की सरसों 6400 से 6800 प्रति क्विंटल तक बिक रही है। वही पिछले दिनों आई तेज बरसात व ओलावृष्टि से काफी किसानों की सरसों की क्वालिटी कमजोर हो चुकी है। ऐसे किसानों को ओपन में 5800 से 6000 रुपये क्विंटल तक दाम मिल रहे है। ऐसे किसानों के लिए एमएसपी लाभ का सौदा साबित होगी, लेकिन इन किसानों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के साथ सरकार के निर्धारित नए नियम पूरे करने होंगे।

**फसल सुखाकर ही मंडी में लाएं किसान**

डीएमईओ मार्केटिंग बोर्ड सत्य प्रकाश ने कहा कि फसल बेचने के लिए गेट पास के साथ किसानों का बायोमैट्रिक सत्यपान कराना होगा। मंडी में किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि फसल खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए इस बार कई बदलाव किए गए है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसल को सुखाकर ही मंडी में लाएं। मार्केट कमेटी सचिव मनीष कुमार ने कहा कि वाहन की फ्रंट नंबर प्लेट का फोटो, बॉयोमैट्रिक और जीओ फेसिंग मंडी में एंट्री से पहले मंडी के गेट पर ही होगी। मंडी में सरसों खरीद की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद फरार हुए पिकअप चालक को गिरफ्तार किया है। गत 22 मार्च को हुए हादसे में पिकअप की चपेट में आने एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। जैसलमेर हाइवे पर हुए हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के धिंगड़िया निवासी धर्मबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पिकअप गाड़ी भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### बोहका मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

**कुंड।** बोहका गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में खोल थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपियों के खिलाफ गत वर्ष 10 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित पक्ष ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने बोहका निवासी देवानंद और वेदमित्र को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपियों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वर्ष 2024 में दर्ज विवाहिता की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। बार-बार काउंसलिंग के बाद भी समझौता नहीं होने पर पुलिस ने 22 जनवरी को ससुरा पक्ष के लोगों के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने महेंद्रगढ़ के सतनाली निवासी चमन को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने गोकलगढ़ में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर पुलिस ने गत 18 मार्च को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में गोकलगढ़ निवासी राहुल, मनोज और तुषार को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में प्रयुक्त एक बाइक भी पुलिस ने कब्जे में ली है। बाद में आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दिया गया।

### वाल्मीकि मोहल्ला की दो आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** वाल्मीकि मोहल्ला के दो गुटों के बीच बीते दिनों हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पक्षों के लगभग 3 दर्जन लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान पर 22 मार्च को विभिन्न धाराओं के तहत दो मामले दर्ज किए थे। 28 आरोपियों को पहले ही काबू कर लिया गया था। अब एक मामले में लाला देवी और शोमा देवी को काबू किया गया है।

### बाल भवन में ग्रीवेंश कमेटी की बैठक रविवार को

**रेवाड़ी।** जिले के नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 29 मार्च को शाम 4 बजे बाल भवन स्थित ऑडिटोरियम में होगी। हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल नागरिकों के परिवादों की सुनवाई करेंगे।

## आईजीयू में रिजल्ट को लेकर छात्राओं का हंगामा

■ सेक्टर-18 गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने रिजल्ट में अनुपस्थिति दिखाने पर रोष प्रकट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में परीक्षा परिणाम को लेकर छात्राओं ने हंगामा कर दिया। इस दौरान छात्राओं और परीक्षा नियंत्रक के बीच में काफी बहस हुई। सेक्टर-18 गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने रिजल्ट में अनुपस्थिति दिखाने पर रोष प्रकट किया। परीक्षा रिजल्ट में पूरी क्लास की एब्सेंट दिखाया गया है, जबकि सभी छात्राओं ने परीक्षा दी थी। आईजीयू में काफी बहस के बाद परीक्षा नियंत्रक ने छात्राओं को आश्वासन दिया कि रिजल्ट में जो भी कमी रही है, उसकी जांच करके सही किया जाएगा। छात्र नेता रवि मसीत, पायल, खुशी, नेहा, खुशी, सिमरन, पूजा व प्रीति सहित छात्राए उपस्थित थी।


रेवाड़ी। आईजीयू में परीक्षा नियंत्रक से बात करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## मसानी बीटीएस पर चोरों की सेंध लाखों रुपये की बैट्री ले गए चोर

**रेवाड़ी।** भारत संचार निगम लि. के मसानी में मोबाइल टावर के कमरे का ताला तोड़कर चोर लाखों रुपये की बैट्री चोरी कर ले गए। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस शिकायत में बीएसएनएल के जेटीओ ने बताया कि मसानी में निगम का मोबाइल टावर लगा हुआ है। टावर पर फिलहाल सिक्योरिटी गार्ड नहीं लगाया हुआ। रात के समय चोर टावर के पास बने कमरे के ताले तोड़कर बैट्रियों का पूरा सेट चोरी कर ले गए। जब बिजली गुल होने पर मोबाइल टावर ने कार्य करना बंद करना दिया, तो कर्मचारी वहां पहुंच गए। वहां टावर की बैट्रियां गायब मिलीं। इसके बाद कर्मचारियों ने अधिकारियों को इस बारे में सूचित किया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस चोरों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

## नेवी जवान के पिता ने लगाया फांसी का फंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली

वीरवार की रात गढ़ी गांव में एक नेवी के जवान के पिता ने संदिग्ध हालत में फांसी का फंदा लगा लिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। लगभग 65 वर्षीय ओमप्रकाश का इकलौता बेटा भारतीय नौसेना में सेवारत है। उसकी पोस्टिंग जम्मू में है, जहां वह अपने बच्चों के साथ रहा रहा है। ओमप्रकाश गांव में अकेला रहा रहा था। शुक्रवार सुबह वह रोजाना की तरह जब घर से बाहर नहीं आया, तो पड़ोस के लोगों ने उसके घर में जाकर देखा। उसका शव पंखे के हुक से लटका हुआ दिखाई दिया। पड़ोसियों ने उसके बेटे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौक पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। कमरे में एक प्लास्टिक की कुर्सी भी पड़ी हुई थी। तलाशी के दौरान कोई सुसाइड नोट पुलिस को नहीं मिला। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। पोस्टमार्टम के लिए उसके बेटे के आने का इंतजार किया जा रहा था।

## सीजेएम ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

■ सीजेएम ने स्टाफ से वैवाहिक जोड़ों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित वर्मा ने शुक्रवार को सेफ हाउस का निरीक्षण किया। इस मौके पर सीजेएम ने स्टाफ से वैवाहिक जोड़ों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी। उन्होंने इंचार्ज को निर्देश दिए कि सेफ हाउस में वैवाहिक जोड़े रुकने के लिए आए उनके कागजात सही रूप से चेक किए जाए तथा उनका रिकॉर्ड रखा जाए। सीजेएम वर्मा ने कहा कि कानूनी सहायता और उनकी सेवाओं के बारे में सभी को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए कार्यरत है। विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के लिए निःशुल्क कानूनी सेवाओं की पेशकश करना व साथ में उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने का प्रयास करता है। उन्होंने बताया कि लीगल एड द्वारा सीनियर सिटीजन, महिलाएं, बच्चों, अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों व तीन लाख से कम वार्षिक आय वाले सभी व्यक्तियों को निःशुल्क में कानूनी सहायता दी जाती है। इसके अलावा नालसा हेल्पलाइन 15100 पर भी संपर्क कर आमजन कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते है।


रेवाड़ी। सेफ हाउस का निरीक्षण करते हुए सीजेएम। फोटो : हरिभूमि

## देशी पिस्टल व तीन जिंदा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धारूहेड़ा

सीआईए धारूहेड़ा टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव गुर्जर घटाल निवासी ललित उर्फ हाथी के रूप में हुई है। शुक्रवार को सीआईए को सूचना मिली थी कि ललित उर्फ हाथी निवासी गांव गुर्जर घटाल के पास अवैध हथियार है तथा वह 75 फुटा रोड भिवाड़ी से कापड़ीवास की तरफ सर्विस रोड के पास खड़ा हुआ है। सूचना पर सीआईए ने आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 1 अवैध देशी पिस्टल व 3 जिंदा रोंद बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।


रेवाड़ी। सीआईए टीम की गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

**युवाओं ने मोटरसाइकिलों के साथ तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए**

## एबीवीपी ने शहीदों के सम्मान में निकाली तिरंगा रैली

■ युवाओं को उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर देश के विकास में योगदान देना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से शहीदों के सम्मान में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। यह रैली देश के अमर शदीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को समर्पित रही। रैली का शुभारंभ केएलपी कॉलेज से हुआ। कॉलेज की प्राचार्या डा. कविता गुप्ता, अभाविप विभाग प्रमुख डा. दिनेश शर्मा तथा जिला प्रमुख डा. संजय शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली गढ़ी बोलनी रोड के समीप जवाहरलाल नेहरू नहर से होते हुए भगतसिंह के प्रतिमा स्थल तक पहुंची। युवाओं ने मोटरसाइकिलों के साथ तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। इस अवसर पर अभाविप के विभाग संयोजक युधिष्ठिर धनखड़ ने कहा कि शहीदों का बलिदान हमें सदैव राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। युवाओं को उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर देश के विकास में योगदान देना चाहिए। जिला संयोजक तरुण ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में देशभक्ति की भावना को जागृत करते हैं और उन्हें राष्ट्रहित में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। एबीवीपी के नगर अध्यक्ष डा. मुकुट अग्रवाल ने कहा कि भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु जैसे वीर सपूतों के बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले पा रहे हैं। केएलपी कॉलेज इकाई अध्यक्ष विवान ने शहीदों के त्याग, साहस एवं देशभक्ति को याद करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर राजश्री, अन्नू, उर्वशी, कन्नुप्रिया, काजल, विनीत, हेमंत, योगेश, साहिल व निखिल सहित अनेक युवा मौजूद थे।


रेवाड़ी। केएलपी कॉलेज से तिरंगा रैली को रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### आशियाना वृद्धाश्रम में भजन-संध्या का आयोजन आज

**रेवाड़ी।** बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट की ओर से नवरात्र के समापन पर शुक्रवार को कन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों तथा बुजुर्गों ने मिलकर हवन किया व माता की आरती के बाद 150 से अधिक कन्याओं का पूजन कर प्रसाद वितरित किया। संस्था के अध्यक्ष दिनेश राजपाल ने बताया कि हिंदू धर्म के अनुसार वर्ष के दोनों नवरात्रों में वृद्धाश्रम में धार्मिक आयोजन किया जाता है। 28 मार्च को वृद्धाश्रम माता की चौकी का आयोजन भी किया जा रहा है। संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस अवसर पर भजन-कीर्तन से माता की महिमा का गुणगान किया जाएगा। भक्ति संध्या में श्री मां वैष्णों सेवा मंडल दिल्ली के तत्वावधान में भजन गायक राज सहगल एंड पार्टी माता रानी की महिमा का बखान करेंगी।



# इच्छामृत्यु पर आधारित मर्सी की पहली झलक आई सामने

**मुंबई।** आदित हुसैन स्टारर फिल्म मर्सी की पहली झलक आज सामने आ गई है। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी है। कई फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरने के बाद फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म की पहली झलक देखने के बाद फैंस का उत्साह फिल्म को लेकर और भी बढ़ गया है। मेकर्स ने फिल्म की पहली झलक साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हर विदाई में प्यार और बिछड़ने की कहानी छिपी होती है। 'मर्सी' की पहली झलक चुनिंदा सिनेमाघरों में धुरंधर द रिवेंज के साथ दिखाई जा रही है। मर्सी जुड़ाव, देखभाल और जाने देने के लिए जरूरी शांत शक्ति की एक गहरी मानवीय कहानी दिखाती है। 'मर्सी' भारत भर में 24 अप्रैल को रिलीज हो रही है।'मर्सी निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे संवेदनशील विषय पर आधारित है। फिल्म में गहरा इमोशन, दुख और दर्द देखने को मिलता है।


लाइफ Style

# आरती
## कई फिल्मों में काटे गए मेरे रोल्स

अभिनेत्री आरती छाबड़िया ने बॉलीवुड में होने वाली राजनीति को लेकर कई बड़े खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कैसे कई फिल्मों से उनके रोल काट दिए गए। अभिनेत्री आरती छाबड़िया काफी समय से लाइमलाइट से दूर हैं। उनकी आखिरी प्रमुख भूमिका 2010 में आई फिल्म 'मिलेंगे मिलेंगे' में थी। अब वह बॉलीवुड में वापसी करने की तैयारी में हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आरती का ऐसा कहना है कि वो अपने कॅरियर में कई बार बॉलीवुड में होने वाली राजनीति का शिकार हुई हैं। जिसके चलते कभी उनका रोल कट गया, तो कभी उनका पूरा गाना ही फिल्म से हटा दिया गया। आरती छाबड़िया ने इंडस्ट्री की पॉलिटिक्स के कारण अपने पेशेवर जीवन में आई बाधाओं के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि पार्टनर, शूटआउट एट लोखंडवाला, मिलेंगे मिलेंगे और अन्य फिल्मों में उनके कई सीन काट दिए गए थे। टाइटल रोल निभाने के बावजूद, ऐसा लगता था जैसे मैं फिल्म में दिख ही नहीं रही। कई फिल्में ऐसी थीं, जिनमें मेरे सीन काट दिए गए और गाने शूट होने के बाद हटा दिए गए। मिलेंगे मिलेंगे में शाहिद कपूर के साथ मेरा पूरा गाना था, लेकिन उसे काट दिया गया। बोनी उस फिल्म के प्रोड्यूसर थे और सतीश कौशिक ने डायरेक्ट किया था। आपको पता नहीं होता कि ये फैसले क्यों लिए जाते हैं। हम कलाकार हमेशा प्रोड्यूसर के फैसले का सम्मान करते हैं और हमें कोई पछतावा नहीं है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि सिर्फ एक ही फिल्म में नहीं, बल्कि कई फिल्मों में मेरे साथ ऐसा ही हुआ है। ऐसी कई फिल्में थीं, जिनमें अलग-अलग कारणों से मेरे रोल काट दिए गए थे। जैसे कि सलमान खान और गोविंदा की 'पार्टनर' में मेरी भूमिका वैसी नहीं थी जैसी तय की गई थी।




हॉलीवुड मसाला




# स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे का धमाका

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' इन दिनों जबरदस्त चर्चा में है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही इंटरनेट पर छा गया और अब इसने एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना लिया है। स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है और अब इस फिल्म ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल, टॉम हॉलैंड स्टारर इस फिल्म के ट्रेलर ने कुछ ही दिनों में 1 बिलियन (100 करोड़) व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। यह ऐसा करने वाला पहला फिल्म ट्रेलर बन गया है, जिसने इतनी बड़ा मुकाम हासिल किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। पहले 24 घंटों में ही करोड़ों व्यूज मिल गए थे और सिर्फ कुछ दिनों में यह 1 बिलियन के पार पहुंच गया।




# 2029 से लॉस एंजिल्स में होगा ऑस्कर का आयोजन

नई दिल्ली। हॉलीवुड की सबसे बड़ी शाम ऑस्कर्स अपनी जगह बदलने वाली है। ऑस्कर डॉल्बी थिएटर से ट्रांसफर होकर लॉस एंजिल्स लाइव के पीकॉक थिएटर में जारी रहेगा और ये सिलसिला 2029 से शुरू होकर 2039 तक चलेगा। इसके तहत एईजी के साथ 10 साल की साझेदारी हुई है। एक अलग अधिकार समझौते के माध्यम से 2033 तक चलने वाले इस समारोह का ग्लोबल लेवल पर यूट्यूब पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस नई वाली लोकेशन पर कोई भी शॉपिंग सेंटर नहीं है। अकादमी ने कहा कि पीकॉक थिएटर, जो 2008 से प्राइमटाइम एमी अवार्ड्स का भी आयोजन स्थल रहा है, खेल और मनोरंजन जगत की दिग्गज कंपनी एईजी (जो लॉस एंजिल्स लाइव की मालिक है) के साथ हुए नए समझौते के तहत इस अंदर व्यापक सुधार होने हैं। प्रेस रिलीज में बताया गया है कि एल.ए. लाइव प्लाजा जहां वर्तमान में स्पोर्ट्स बार रेस्टोरेंट चेन यार्ड हाउस सहित डाइनिंग के कई ऑपशन उपलब्ध हैं। अब यह प्रतिष्ठित ऑस्कर रेड कार्पेट का स्थल होगा। साल 2002 से ऑस्कर समारोह हॉलीवुड बुलेवार्ड पर स्थित डॉल्बी थिएटर (पूर्व में कोडक थिएटर) में आयोजित किया जाता रहा है।



# खचाखच भरे थिएटर में छुपकर देखी धुरंधर 2

**मुंबई।** निर्देशक आदित्य धर की पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम ने चुपके से खचाखच भरे सिनेमाघर में 'धुरंधर 2' देखी। उन्हें अपना चेहरा छुपाते हुए और अपनी बहन सुरीली को चुप रहने का इशारा भी किया, ताकि दर्शक उन्हें देख न सकें। उनका यह वीडियो अब फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। यामी की बहन सुरीली गौतम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें यामी थिएटर में खचाखच भरे दर्शकों के बीच फिल्म देख रही थीं। यामी ने भी इस वीडियो को अपने अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। जिस पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। इस वीडियो में यामी फिल्म 'धुरंधर 2' के स्क्रीन पर अपनी छोटी कैमियो भूमिका (नर्स का रोल) देखकर शर्मा रही थीं। उन्होंने अपना चेहरा छुपाया और सुरीली को चुप रहने का इशारा किया, ताकि आसपास बैठे लोग उन्हें पहचान न सकें।



# शेयर किया मस्ती भरा है ये समा का वीडियो

**मुंबई।** कुमार सानू बॉलीवुड के बेहतरीन गायकों में से एक हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने कई फिल्मों को शानदार गाने दिए। उनके पास इससे जुड़ी कई यादें हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया और इससे जुड़ा एक किस्सा सुनाया है। इंस्टाग्राम पर कुमार सानू ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने 90 के दशक के एक डुएट सॉन्ग 'मस्ती भरा है ये समा' की रिकॉर्डिंग की झलक पेश की। गायक ने आगे लिखा, 'इस खूबसूरत डुएट गाने को सुनते ही मैं सीधे फिल्म 'दिल है कि मानता नहीं' की रिकॉर्डिंग सत्रों में खो जाता हूं। वह समय संगीत, जुनून और शानदार लोगों से भरा हुआ था। रिकॉर्डिंग के दौरान का माहौल बहुत मस्ती भरा और यादगार था।' कुमार सानू ने लिखा, 'मुझे सबसे ज्यादा गुलशन कुमार जी याद आते हैं।

टीवी मसाला



# क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 नहीं हो रहा है बंद

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को लेकर कुछ दिनों से खबर आ रही है कि शो बंद होने वाला है। वहीं ऐसी भी खबरें आ रही थीं कि शो को क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं से रिप्लेस किया जाएगा। लेकिन, ये सब खबरें गलत हैं। स्टार प्लस ने एक स्टेटमेंट जारी कर अब पूरा सच बताया है। इसके अलावा शो की लीड एक्ट्रेस स्मृति ईरानी का भी इन खबरों पर रिएक्शन आ गया है। मेकर्स ने दरअसल, शो के बंद होने की खबर के वायरल होने के बाद स्पेशयली स्टेटमेंट जारी किया। उन्होंने दर्शकों को क्लीयर किया, 'हमने नोटिस किया कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी का सीजन 2 बंद होने वाला है और इसे क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं से रिप्लेस किया जाएगा। लेकिन, हम क्लीयर करना चाहेंगे कि ये रिपोर्ट्स फालतू की हैं। हम ना तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को बंद कर रहे हैं और ना अभी तक शो की एंड डेट कोई आई है।'इस स्टेटमेंट को शेयर कर कैप्शन में लिखा है कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी रोज रात को 10.30 बजे सिर्फ स्टार प्लस में और कभी भी जियो हॉटस्टार पर। बता दें कि हाल ही में ऐसी अफवाह थी कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 बंद होने वाला है। वहीं ऐसी भी खबर थी कि नया शो प्लान किया जा रहा है क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं टाइटल के साथ। इसमें अंगद और वृंदा की लाइफ पर फोकस किया जाएगा।

## ट्रेन में हुई थी सीरियल की शूटिंग

नई दिल्ली। दूरदर्शन पर कई ऐसे शोज आए जो आज के वक्त में भी याद किए जाते हैं। ऐसा ही दूरदर्शन का एक शो था जिसका ज्यादातर हिस्सा भारतीय रेलवे की सबसे लंबी जर्नी करने वाली ट्रेनों में से एक में शूट हुआ था। हम जिस शो की बात कर रहे हैं उस शो का नाम है यात्रा। यात्रा दूरदर्शन पर साल 1986 में प्रसारित हुआ था। इस सीरियल में कुल 15 एपिसोड्स थे। जिस वक्त ये सीरियल रिलीज हुआ था इसे काफी पसंद किया गया था। दूरदर्शन के इस सीरियल को श्याम बेनेगल ने डायरेक्ट किया था। दूरदर्शन के शो यात्रा की शूटिंग हिमसागर एक्सप्रेस और त्रिपुरा एक्सप्रेस में हुई थी। हिमसागर एक्सप्रेस, भारतीय रेलवे की सबसे लंबी जर्नी करने वाली ट्रेनों में से एक है। हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी और श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच चलने वाली ट्रेन है। श्याम बेनेगल के शो की कास्ट की बात करें तो इस शो में ओम पुरी, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, ईला अरुण, राजेंद्र गुप्ता, मोहन गोखले और हिमानी शिवपुरी जैसे कलाकार नजर आए थे।



# मां का सम में दिखी मोना और मिहिर की लॉजिकल कहानी

**मुंबई।** 'मां का सम' नई सीरीज का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हुआ। सीरीज के ट्रेलर में रोमांटिक, एक्शन और थ्रिलर की जगह लॉजिकल कहानी नजर आई। यह कहानी एक 19 साल के मैथ जीनियस लड़के की है। 'मां का सम' सीरीज 3 अप्रैल को सिर्फ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। 'मां का सम' के ट्रेलर में अगस्त्य (मिहिर आहूजा) से मिलवाया गया है, जो 19 साल का लड़का है और मैथ में जीनियस है। उसका मानना है कि 'मैथ हो या प्यार दोनों में एक ही इक्वेशन है।' अगस्त्य (मिहिर आहूजा) अपनी सिंगल मां विनीता (मोना सिंह) के लिए एक परफेक्ट पार्टनर ढूंढने का मिशन शुरू करता है, जिसका नाम रखता है-प्रोजेक्ट मॉम। यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लॉजिक और भावनाएं दोनों साथ चलती हैं। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है अगस्त्य के बनाए हुए सारे फॉर्मूले बिगड़ने लगते हैं। कहानी में एक नई मैथ प्रोफेसर इरा (अंगिरा धर) भी आती है। अगस्त्य और इरा मिलकर एक एल्गोरिदम बनाते हैं, जो परफेक्ट मैच ढूंढने में मदद करे। लेकिन धीरे-धीरे भावनाएं अगस्त्य की कैलकुलेटेड दुनिया में घुसने लगती हैं और सारी गणित उलझ जाती है। मोना सिंह ने इस सीरीज में विनीता का किरदार निभाया है।



# इस वीकएंड रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** थिएटर्स में 'धुरंधर 2' का हल्ला है। आज नवमी पूजन के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन हो गया है। यह फेस्टिव वीकएंड मनोरंजन के लिहाज से काफी खास है। इस सप्ताह एक्शन, कॉमेडी और थ्रिलर से भरपूर कई सीरीज और फिल्में आ रही हैं।

### ओ रोमियो

सिनेमाघरों के बाद शाहिद कपूर की ओ रोमियो ने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। इसके निर्देशन की कमान विशाल भारद्वाज ने संभाली। ओ रोमियो एक डार्क रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। शाहिद कपूर के साथ तृप्ति डिमरी भी अहम भूमिका में हैं। इनके अलावा नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, फरीदा जलाल, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी भी फिल्म का हिस्सा हैं। यह फिल्म 27 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। हालांकि, गौर करने वाली बात ये है कि फिलहाल यह रेंट पर उपलब्ध होगी।



### डिटेक्टिव होल

अगर आपको क्राइम ड्रामा पसंद हैं तो इसे अपनी लिस्ट में शामिल कर सकते हैं। यह नॉर्वेजियन क्राइम ड्रामा एक परेशान जासूस की कहानी पर आधारित है, जिसे ओस्लो में हुई बेरहम हत्याओं की एक कड़ी की जांच करने का काम सौंपा जाता है। साथ ही वह अपने अंदर के संघर्षों से भी जूझ रहा होता है। उसकी जांच में एक भ्रष्ट सहकर्मी भी बाधा डालता है, जिसका उसे सामना करना पड़ता है। 'डिटेक्टिव होल' 26 मार्च से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

### बीटीएस द रिटर्न

डॉक्यूमेंट्री 'बीटीएस-द रिटर्न' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। यह डॉक्यूमेंट्री **BTS** के मिलिट्री सर्विस से लौटने के बाद उनके कमबैक के पीछे की कहानी दिखाती है। बैंड के लिए लोगों की दीवानगी इसमें देखने को मिलेगी। बता दें कि 'बीटीएस' लोकप्रिय दक्षिण कोरियाई बैंड है। के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने लंबे ब्रेक के बाद वापसी की है। 'बीटीएस द रिटर्न' डॉक्यूमेंट्री 27 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### प्रजापति 2

इस वीकएंड की लिस्ट में 'प्रजापित 2' भी शामिल है। मिथुन चक्रवर्ती और देव एक बार फिर साथ नजर आएंगे। यह एक ऐसे पिता की कहानी पर आधारित है, जो अपने बेटे की दूसरी शादी कराना चाहता है। वहीं बेटा अपनी जिम्मेदारियों के बीच फंसा है। इसे दर्शक 27 मार्च से जी5 पर देख रहे हैं।

### कट्टान

यह मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज है। इसका निर्देशन एम. मणिकंदन ने किया है। सीरीज की कहानी एक छोटे से गांव में एक मर्डर मिस्ट्री पर आधारित है। सीरीज में विजय सेतुपति लीड रोल में हैं। उनके अलावा मिलिंद सोमन, सुदेव नायर, वीजे पार्वती भी इसका हिस्सा हैं।

# ये हैं टॉप 10 स्टार्स, जिनकी फिल्मों ने वर्ल्डवाइड की ज्यादा कमाई

**नई दिल्ली।** कई स्टार्स की फिल्में हैं जिन्होंने ना सिर्फ भारत बल्कि वर्ल्डवाइड भी खूब कमाल किया है। आज हम आपको स्टार्स की लास्ट 10 फिल्मों के हिसाब से सबसे ज्यादा ग्रॉस वर्ल्डवाइड कमाई के कलेक्शन के बारे में बताएंगे। जानें आईएमडीबी इस लिस्ट में आपके फेवरेट स्टार्स किस नंबर पर हैं।

### प्रभास

प्रभास की लास्ट 10 फिल्मों की बात करें तो राजा साब : 208.6 करोड़, कल्कि 2898 एडी : 1052.4 करोड़, सालार पार्ट 1 : 618.2 करोड़, आदिपुरुष :356.2 करोड़, राधे ध्याम : 148.8 करोड़, साहो 432.4 करोड़, बाहुबली 2 : 1782.4 करोड़, बाहुबली : 600.6 करोड़, मिर्ची : 83.4 करोड़,रेबेल : 45.8 करोड़। इसकी के साथ उनका लास्ट 10 फिल्मों का टोटल कलेक्शन 5,328 करोड़ है।

### आमिर खान

आमिर खान की फिल्मों की बात करें तो सितारे जमीन पर : 267.5 करोड़, लाल सिंह चड्ढा 133.2 करोड़, ठग्स ऑफ हिंदोस्तान 318.2 करोड़, दंगल 1924 करोड़ पीके 760.3 करोड़, धूम 3 545.8 करोड़, तलाश 175.8 करोड़, 3 इडियट्स 397.3 करोड़, गजनी 194.2 करोड़, तारे जमीन पर 98.5 करोड़। इसी के साथ आमिर का टोटल लास्ट 10 फिल्मों का कलेक्शन 4815.5 करोड़ है।

## प्रभास की लास्ट 10 फिल्मों का टोटल कलेक्शन 5,328 करोड़

### शाहरुख खान

शाहरुख खान की बात करें तो उनकी फिल्म डंकी के 453.8 करोड़, जवान 1150.7 करोड़, पठान 1042.2 करोड़,जीरो 182.8 करोड़, जब हैरी मेट सेजल 147.8 करोड़, रईस 281.2 करोड़, डियर जिंदगी 135.2 करोड़, फैन 182.3 करोड़, दिलवाले 376.8 करोड़, हैप्पी न्यू ईयर 382.8 करोड़। इसकी के साथ उनका टोटल कलेक्शन 4335.6 करोड़ है।



### सलमान खान

सलमान खान की बात करें तो टाइगर 3 : 466.7 करोड़, किसी का भाई किसी की जान 182.5 करोड़, दबंग 3 230.9 करोड़, भारत 325.5 करोड़, रेस 3 294.8 करोड़, टाइगर जिंदा है 565.5 करोड़, ट्यूबलाइट 211.2 करोड़, सुल्तान 618.8 करोड़, प्रेम रतन धन पायो 367.2 करोड़, बजरंगी भाई जान 918.2 करोड़ है। इसी के साथ सलमान का टोटल कलेक्शन 4181.3 करोड़ है।

### रणवीर सिंह

रणवीर सिंह की बात करें तो उनकी फिल्म धुरंधर 1307, रॉकी और रानी की प्रेम करानी 352, सर्कस 59.2 करोड़, जयशभाई जोरदार 14.8, गली बॉय 229.2 करोड़, सिम्बा 387.6 करोड़, पद्मावत 546.2 करोड़, बेफिक्रे 96.8 करोड़, बाजीराव मस्तानी 354.2 करोड़ है। इसी के साथ रणवीर का टोटल कलेक्शन 3529.6 करोड़ है।

### रजनीकांत

रजनीकांत की फिल्मों की बात करें तो कुली 516.8 करोड़, वेट्टैयन 240.8 करोड़, जेलर 605.8 करोड़, अन्नाते 146.2 करोड़, दरबार 198.3 करोड़, पेट्टा 216.2 करोड़, रोबॉट 2.0 693.2 करोड़, काला 153.9 करोड़, कबाली 294.2 करोड़, लिंगा 136.2 करोड़। इसी के साथ रजनीकांत का टोटल कलेक्शन 3201.6 करोड़ है।

**विजय** : विजय की मूवीज की बात करें तो द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम 452.8 करोड़, लियो 615.6 करोड़, वरिसु 292.8 करोड़, बीस्ट 216.4 करोड़, मास्टर 225.3 करोड़,बिगिल 295.2 करोड़, सरकार 243.5 करोड़, मर्सल 244.8 करोड़, बैरावा 110.8 करोड़, तहरी 143.6 करोड़ है। इसकी के साथ उनका टोटल कलेक्शन 2840.8 करोड़ है।

**रणबीर कपूर**: रणबीर कपूर की लास्ट मूवीज की में एनिमल 910.4 करोड़, तू झूठी मैं मक्कार 192.8 करोड़, ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 शिवा 418.6 करोड़, शमशेरा 60.8 करोड़, संजू 565.5 करोड़, ऐ दिल है मुश्किल 228.4 करोड़, तमाशा 131.6 करोड़, बॉम्बे वेलवेट 42.8 करोड़, रॉय 55.2 करोड़ है। टोटल कलेक्शन 2689.3 करोड़ है।

**ऋतिक रोशन**: ऋतिक रोशन की बात करें तो उनकी मूवीज वॉर 2 ने 348.6 करोड़, फाइटर 338.4 करोड़, विक्रम वेधा 134.2 करोड़, वॉर 442.6 करोड़, सुपर 30 204.2 करोड़,काबिल 154.6 करोड़, मोहनजो दारो 103.2 करोड़, बैंग बैंग 254.2 करोड़, कृष 3 291.4 करोड़, अग्निपथ 190.2 करोड़। फिल्म का टोटल कलेक्शन 2461.6 करोड़ है।

**जूनियर एनटीआर**: जूनियर एनटीआर की मूवीज की बात करें तो देवरा 423.2 करोड़, आरआरआर 1291.2 करोड़, अरविंद समेता वीरा राघवा 143.2 करोड़, जय लावा कुसा 124.8 करोड़, जनाता गराज 131.2 करोड़, नन्नाकु प्रेमातो 85.2 करोड़, टेम्पर 74.2 करोड़, रहस्य 40.6 करोड़, रमैया वस्तावैया 51.4 करोड़, बादशाह 75.8 करोड़ है। इसी के साथ मूवी का टोटल कलेक्शन 2440.8 करोड़ है।

## कोर्ट केस खारिज होने के बाद लिया कब्जा

# रेलवे रोड दुकान पर चली नगर परिषद की जेसीबी, दुकान को किया ध्वस्त





रेवाड़ी। रेलवे रोड पर दुकान तोड़ते हुए जेसीबी तथा नप की कार्रवाई के दौरान मौजूद पुलिस व लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

नगर परिषद की टीम ने शुक्रवार को रेलवे रोड पर बनी अवैध दुकान पर जेसीबी से तोड़फोड़ की कार्रवाई की। नगर परिषद की ओर से दुकान के स्वामित्व का केस कोर्ट से खारिज होने के बाद कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एमई नरेश ड्यूटी मजिस्ट्रेट थे। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद था। जानकारी के अनुसार शहर निवासी तिलक ने नगर परिषद से शंकर बाजार के पास तहबाजारी के तहत जगह ली थी। तहबाजारी खत्म होने के बाद नगर परिषद की ओर से तिलक को जगह खाली करने का नोटिस दिया गया, जिस पर तिलक ने कोर्ट से स्टे ले लिया। इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंच गया। हाईकोर्ट के रिमांड पर जिला अदालत ने तिलक की स्वामित्व की याचिका को खारिज कर दिया। इसके बाद नगर परिषद की ओर से तिलक को नप की जमीन को खाली करने के लिए दो नोटिस दिए गए, लेकिन नोटिस देने के बाद भी वह नप की जगह पर काबिज रहा। शुक्रवार को नगर परिषद की टीम ने जेसीबी मशीन से दुकान को ध्वस्त कर दिया।

### स्वामित्व योजना में किराए की प्रॉपर्टी शामिल

एमई नरेश कुमार ने कहा कि कोर्ट का फैसला आने के बाद कार्रवाई करके जमीन पर कब्जा लिया है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना में किराए की प्रॉपर्टी शामिल हैं। तिलक ने नगर परिषद से तहबाजारी में जमीन ली थी। तिलक दुकान खाली करने की बजाय स्वामित्व योजना के तहत लेना चाहता था। कोर्ट में गए मामले को जिला कोर्ट ने खारिज कर दिया।



रेवाड़ी। उद्योग विभाग की त्रैमासिक शिकायत निवारण बैठक में जानकारी देते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

# इन्वेस्ट हरियाणा पोर्टल पर 45 दिन से अधिक समय तक लंबित न रहे आवेदनः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने औद्योगिक विकास के लिए कारगर योजनाएं लागू की हुई हैं। सरकार के इन्वेस्ट हरियाणा पोर्टल पर किसी विभाग से संबंधित आवेदन 45 दिन से अधिक समय तक लंबित नहीं रहना चाहिए। डीसी मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में उद्योग विभाग की 42वीं त्रैमासिक शिकायत निवारण बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक मई, 2025 से अब तक हरियाणा उद्योग प्रोत्साहन केंद्र एचईपीसी के इन्वेस्ट हरियाणा पोर्टल पर प्राप्त हुए 1317 आवेदन अब तक स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 321 मामलों को विभिन्न कारणों से मंजूरी नहीं मिली। कृभको इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के एक आवेदन में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से एक मामला लंबित है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एसडीओ दीपक वर्मा ने बताया कि तकनीकी कारणों से यह समस्या बनी हुई है, जिसका जल्दी ही निवारण करा दिया जाएगा। डीसी ने उद्योग विभाग के पोर्टल पर आई शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि विगत तीन माह में सात शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिनका निपटारा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जल्दी से जल्दी इन शिकायतों का समाधान करें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उद्योग विभाग की संयुक्त निदेशक रेणु बाला, विस्तार अधिकारी हिमांशु राव, आयुष विभाग से डा. राहुल बतरा, नगर योजनाकार विभाग से अनिल कुमार व औषधि नियंत्रण विभाग से रजनीश धारीवाल मौजूद थे।

# रेवाड़ी को राज्य स्तरीय बाल महोत्सव की तीसरी बार मिली मेजबानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

जिला बाल कल्याण परिषद् की ओर से लगातार तीसरी बार राज्य स्तरीय बाल महोत्सव की मेजबानी की जाएगी। बाल महोत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन 13 से 15 अप्रैल को बाल भवन में होगा। जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेन्द्र यादव ने बताया कि जिले में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रधान जिला बाल कल्याण परिषद व डीसी अभिषेक मीणा के नेतृत्व व मानद महासचिव सुषमा गुप्ता के मार्गदर्शन में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाहरी जिलों के बच्चों के ठहरने की व्यवस्था आस्था कुंज में की जाएगी। बाल भवन के प्रांगण में चार स्टेज बनाई जाएगी, जिन पर बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# प्रतिबंधित नशीली दवाइयां उपलब्ध कराने के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

सीआईए रेवाड़ी ने प्रतिबंधित नशीली दवाइयां उपलब्ध कराने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला अलवर के गांव गाजुका निवासी इलियास उर्फ इल्ली के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत वर्ष 19 सितंबर को सीआईए को सूचना मिली थी कि तरुण निवासी मोहल्ला तोपचीवाड़ा नशीली दवाईयां बेचने का काम करता है तथा बैग में प्रतिबंधित नशीली दवाओं की सप्लाई देने के लिए बस स्टैंड पर किसी के ईतंजार में खड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी के बैग की तलाशी ली गई तो कब्जे से 38 शीशी प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बरामद हुई। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी तरुण व विकाश उर्फ विक्की को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में आरोपी विकाश उर्फ विक्की ने बताया की उन्हें प्रतिबंधित नशीली दवाईयां राजस्थान के जिला अलवर के गांव गाजुका निवासी इलियास उर्फ इल्ली उपलब्ध कराता था। पुलिस ने शुक्रवार को इलियास उर्फ इल्ली को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए तीन दिन के रिमांड पर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# शहीदों की प्रतिमा को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करने की कार्रवाई बेहद निंदनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धारूहेड़ा

शहीद भगत सिंह यादगार कमेटी ने शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश में जंग ए आजादी के महान क्रांतिकारी अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां व रोशन सिंह की प्रतिमा को प्रशासन की ओर से बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करने की कड़ी निंदा की है। कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट रमेश चंद्र व सचिव राकेश सैनी ने कहा कि 23 मार्च को जब सारा देश शहीद भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव को याद कर रहा था तो उस समय रात के अंधेरे में 3 बजे उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में टाउन हॉल चौक पर नगर निगम के कार्यालय के सामने स्थित काकोरी एक्शन के तीन महान शहीद रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां व रोशन सिंह की प्रतिमाएं नगर निगम की ओर से सौन्दर्यकरण व सड़क चौड़ी करने की आड़ में बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दी गई। कमेटी ने योगी सरकार से शहीदों की प्रतिमाओं को सम्मानपूर्वक पुनः उसी स्थान पर स्थापित करने, घटना में शामिल सरकार व नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों व संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से सार्वजनिक रूप से इस घटना के लिए खेद प्रकट करने की मांग की है।

### यह घटना घटिया मानसिकता को दर्शाती है

उन्होंने कहा कि तीनों महान क्रांतिकारी शहीदों की प्रतिमा 1972 में स्थापित की गई थी। क्रांतिकारी शहीदों की प्रतिमा को बुलडोजर चलाकर क्षतिग्रस्त करके अपमान जनक तरीके से फैंक देने की योगी प्रशासन की कार्रवाई बेहद निंदनीय है। यह घटना सरकार व प्रशासन की शहीदों के प्रति संवेदनहीनता, निम्नस्तर व घटिया मानसिकता को दर्शाती है। महान क्रांतिकारी शहीद आकाश में चमकते लाल सितारे की तरह है तथा देश की जनता के मानस पटल पर अंकित है, इनकी महान कुबार्नी देश की आजादी के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है।

# एससी-एसटी एक्ट के मामलों में प्रभावी कार्रवाई करे पुलिस विभागः मनोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶। बावल

बावल के एसडीएम मनोज कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को अनुसूचित जातियां एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत उप-मंडल स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों का उत्पीड़न होने का कोई मामला सामने आता है तो पुलिस विभाग की ओर से प्रभावी कार्यवाही की जाए। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाए कि पीड़ित पक्ष पर समझौता करने का अनावश्यक दबाव न डाला जाए। उन्होंने कहा कि जो मामले इस समय अदालतों में लंबित हैं, उनमें न्यायवादी पीड़ितों की सख्त पैरवी करते हुए दोषियों को सजा दिलवाने का काम करें। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार किए जाने पर पीड़ित को राहत के तौर पर हरियाणा सरकार की ओर से 85 हजार रुपये से लेकर 8 लाख 25 हजार रुपये तक आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस अवसर पर बावल के डीएसपी सुरेंद्र श्योराण, तहसील कल्याण अधिकारी एयर सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### न्यू सब्जी मंडी आढ़ती एसो. के चुनाव आज

**नारनौल।** न्यू सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के चुनाव 28 मार्च को प्रातः 10 बजे कराए जाएंगे। जल महल नजदीक मंडी प्रांगण में एसोसिएशन के प्रधान एवं सचिव पद के लिए यह चुनाव होंगे और नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसमें मंडी के दुकानदार एवं व्यापारी भाग लेंगे।

### कनीना नपा की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**कनीना।** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि शुक्रवार को नगर पालिका के सभी वार्डों की मतदाता सूचियां का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। डीसी ने बताया कि इन मतदाता सूचियां की प्रतियां आम जनता के निरीक्षण के लिए विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने बताया कि उपायुक्त कार्यालय नारनौल, एसडीएम कार्यालय कनीना, नगर पालिका कार्यालय कनीना व तहसील कार्यालय कनीना में जाकर निःशुल्क मतदाता सूची देख सकते हैं।

### 31 मार्च को देर रात तक खुले रहेंगे बैंक

**नारनौल।** चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति को देखते हुए जिला प्रशासन ने सरकारी कामकाज व वित्तीय लेनदेन को समय पर निपटाने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने निर्देश जारी किए हैं कि 31 मार्च को महावीर जयंती का अवकाश होने के बावजूद जिले के सभी खजाना कार्यालय, उपखजाना कार्यालय व सरकारी लेनदेन करने वाले बैंक सामान्य दिनों की तरह कार्य करेंगे। डीसी ने बताया कि पंजाब वित्तीय नियमों के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि क्लोजिंग के समय किसी भी प्रकार का वित्तीय कार्य लंबित न रहे।

# सफाई कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

नगर परिषद सफाई शाखा में शुक्रवार को नारी लीड्स स्वच्छता अभियान के तहत महिला सफाई कर्मियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सफाई कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला सफाई कर्मियों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित किया गया। कनिष्ठ अभियंता कुशल कुमार, परियोजना प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन कृष्ण कुमार ने महिला सफाई कर्मियों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पौधे एवं प्रशंसा पत्र वितरित किए तथा उनके अमूल्य योगदान की सराहना की।



रेवाड़ी। महिलाओं को सम्मानित करते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# ट्रैफिक नियमों को लेकर किया जागरूक

- गांव या आस-पास कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

पुलिस की ओर से जिले को नशामुक्त बनाने के पूरे प्रयास किए जा रहे है। निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में गठित नशा मुक्ति टीम ने शुक्रवार को गांव ढाकिया व खिजूरी में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों, साइबर अपराधों से बचाव व ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया। इस अवसर पर एएसआई जितेन्द्र ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। अगर गांव या आस-पास कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में सभी को सतर्क रहकर किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। साइबर ठगी होने पर साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना जरूरी है। सभी हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग और यातायात संकेतों का पालन करें। नशा मुक्ति टीम ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि यदि संज्ञान में कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा बेचता है तो उसकी सूचना मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर दें।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जानकारी देते हुए पुलिस टीम।

## आजादी के बाद पहली बार नहरी पानी पहुंचेगा, तीन गांवों के पांच जोहड़ जोड़े जाएंगे

# सतनाली क्षेत्र के दो गांव 3 करोड़ से जुड़ेंगे नहरी नेटवर्क से





महेंद्रगढ़। प्रोजेक्ट के लिए बिछाई जा रही पाइप लाइन व गांव नंगला में खोदा गया जोहड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़

सतनाली क्षेत्र के तीन गांवों के लिए खुशी की खबर है। एकतरफ जहां दो नए गांव नहरी नेटवर्क से जोड़ने का रास्ता साफ हो गया है। वहीं एक अन्य गांव में भी पंचायती फार्म में नया जोहड़ खोदकर नहरी पानी से भरा जाएगा। समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि सरकार की योजना है कि सभी गांवों में कम से कम एक जोहड़ को नहरी नेटवर्क से जोड़कर उसे नहरी पानी से लगातार भरा जाए। इसी कड़ी में सतनाली क्षेत्र के गांव नंगला एवं जवाहर नगर को भी अब नहरी नेटवर्क से जोड़ने का रास्ता साफ हो गया है। लगभग दो साल पहले इन दोनों ही गांव की पंचायतें सांसद धर्मबीर सिंह से मिली थी तथा गांव के गिरते भूजल स्तर की समस्या के समाधान का निवेदन किया था।

सांसद के प्रयास से एक मेगा रीचार्ज प्रोजेक्ट मंजूर हो गया था तथा विभाग द्वारा उसपर काम भी शुरू करवा दिया गया था। सबसे बड़ी समस्या रेलवे लाइन की आ रही थी। रेलवे से मंजूरी के लिए सांसद धर्मबीर सिंह ने रेलवे के डीआरएम को पत्र लिखकर इसकी मंजूरी देने की प्रक्रिया को जल्द-से-जल्द पूरा करने बारे कहा था। अब रेलवे की तरफ से महेंद्रगढ़-सतनाली ट्रैक के नीचे से पाइप लाइन बिछाने की मंजूरी आ गई है। इसके लिए रेलवे ने अभी सिंचाई विभाग को 5.13 लाख रुपये जमा कराने बारे कहा है।

### 1200 से 1500 फिट तक चला गया भूजल स्तर

संदीप मालड़ा ने बताया कि जड़वा नहर की टेल पर नया पंप हाउस बनाया गया है तथा तीन क्यूसेक का पंप लगाया जाएगा। प्रेशराइजड पाइप लाइन के माध्यम से गांव नंगला में दो, जवाहर नगर में दो तथा गांव पथरवा में एक जोहड़ को जोड़ा जाएगा। इन गांवों में भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है तथा मौजूदा समय में भी यहां भूजल स्तर लगभग 1200 से 1500 फिट तक चला गया है। जहां एक तरफ गांव नंगला और जवाहर नगर में आज तक एक भी जोहड़ नहरी नेटवर्क से नहीं जोड़ा गया है। वहीं दूसरी तरफ यहां खेती का संकट खड़ा हो गया था। संदीप मालड़ा ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के सिरे चढ़ने से गांव नंगला, जवाहर नगर तथा पथरवा के हजारों किसानों को लाभ होगा। केंद्र एवं प्रदेश सरकार का ध्येय है कि किसान की लागत घटाई जाए तथा उसकी पैदावार बढाई जाए। इससे ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा। इस कार्य को सिरे चढ़ाने के लिए तीनों गांव की पंचायतों ने सांसद धर्मबीर सिंह एवं प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है।

### विशेष

- प्रोजेक्ट पर कुल लागत तीन करोड़ 5 लाख रुपये।
- 3 क्यूसेक का पंप लगाया जाएगा।
- प्रेशराइजड पाइप लाइन से जुड़ेंगे पांच नए जोहड़।
- जड़वा माइनर की टेल पर बनाया गया है पंप हाउस।
- चार किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई जा रही है।
- गांव जवाहर नगर में खेल ग्राऊंड के पास हैं दो जोहड़।
- गांव नंगला में शमशान घाट के पास हैं दो जोहड़।
- गांव पथरवा में दो एकड़ में खोदा गया है एक नया जोहड़।

### पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

**महेंद्रगढ़।** गांव बसई में पति ने पत्नी के सिर में चोट मारकर मौत के घाट उतार दिया। महिला को चोट लगने के कारण परिजन उसे नागरिक अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सिकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन परिजन घायल महिला को इलाज के लिए रेवाड़ी के एक निजी अस्पताल लेकर गए, जहां घायल महिला ने इलाजे दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतका का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतका की माता के बयान पर आरोपित पति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके भौतिक साक्ष्य भी उठाए हैं। मृतका की माता सुमन ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव सांजरवास जिला चरखी दादरी की रहने वाली है।

मिस्वाक दांतों और मसूड़ों के लिए अत्यंत गुणकारी, गणपत नगर में खड़े पेड़ पर इस समय फल पककर हो रहे तैयार

# शहर में मौजूद दुर्लभ प्रजाति का साल्वाडोरा पर्सिका, संरक्षण के साथ संवर्धन को बढ़ावा देने की जरूरत

नरेन्द्र वत्स ▸▸| रेवाड़ी

दांतों और मसूड़ों की सुरक्षा के लिए विख्यात टूथपेथ मिस्वाक में इसी नाम के पेड़ पेड़ में पाए जाने वाले औषधीय तत्वों का इस्तेमाल करने का दावा किया जाता है, वह दुर्लभ प्रजाति का पेड़ शहर में मौजूद है। वन विभाग के अधीन आने वाला यह पेड़ अभी तक विभाग की नजरों से बचा हुआ है। इस समय पेड़ पर फल तैयार हो चुके हैं, जिनके बीज से विभाग दुर्लभ प्रजाति के पेड़ का संवर्धन कर सकता है। मिस्वाक नाम के पेड़ का वैज्ञानिक नाम साल्वाडोरा पर्सिका है, जिसे आम भाषा में खारी जाल के नाम से जाना जाता है। आमतौर पर सदाबहार झाड़ीदार यह पेड़ रेगिस्तानी इलाकों में पाए जाते हैं। एक पेड़ लियो चौक से कुछ दूरी पर खड़ा है। फरवरी माह में फल देने वाले इस पेड़ पर इस समय फल पककर तैयार हो रहे हैं। वन विभाग की ओर से इस पेड़ पर नंबरिंग की हुई है। पेड़ पर इस समय काफी फल लगे हुए हैं। इनका स्वाद तीखा होने के कारण यह फल खाने के काम नहीं आते, लेकिन इनके बीजों का इस्तेमाल करते हुए पेड़ की प्रजाति को बढ़ावा दिया जा सकता है। इस पेड़ का औषधीय महत्व काफी अधिक होने के कारण वन विभाग इसकी प्रजाति को संवर्धित करने के लिए बीजों का इस्तेमाल कर सकता है। विभाग के एक अधिकारी का दावा है कि जिले में इस किस्म का संभावतया यह अकेला पेड़ है। अभी तक यह वन विभाग की नजरों से बचा हुआ है।



रेवाड़ी। कोनसीवास रोड पर फलों से लदा मिस्वाक का पेड़ तथा पेड़ पर डाले गए वन विभाग के नंबर। *फोटो : हरिभूमि*

### औषधीय गुणों से भरपूर मिस्वाक

आयुर्वेद में मिस्वाक यानि साल्वाडोरा पर्सिका को औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। इसकी दांतुन करने से दांतों की बीमारियां दूर होती हैं। मसूड़े मजबूत होती है। दातुन का नियमित इस्तेमाल दांतों और मसूड़ों की बदबू को दूर करने का काम करता है। खराब हो चुके दांतों की चमक लौटनी शुरू हो जाती है।

### बहुत कम बीज होते हैं तैयार



वन विभाग के रेंज ऑफिसर नरेंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने यह पेड़ जिले में पहली बार देखा है। वन विनाग के नंबर डले हुए इस पेड़ पर बड़ी संख्या में फल लगे हुए हैं। इस पेड़ के बहुत कम फल पकने के बाद बीज तैयार करते हैं, जिस कारण इस प्रजाति का संवर्धन भी बहुत कम संख्या में हो पाता है।

कई मामलों में ठग ओटीपी प्राप्त कर बैंक खातों से पैसे निकाल रहे

# मोबाइल गुम होने पर खतरे में पड़ सकती है बैंकिंग, निजी जानकारी



एसपी हेमेंद्र मीणा बोले साइबर अपराधी सिम कार्ड, बैंकिंग एप्स, ईमेल, सोशल मीडिया अकाउंट्स और पासवर्ड का कर सकते दुरुपयोग

**बैंकिंग, सोशल मीडिया, ईमेल, यूपीआई और अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं का केंद्र बन चुका है 'मोबाइल फोन'**

**सिम कार्ड, बैंकिंग ऐप्स, ईमेल, सोशल मीडिया अकाउंट्स और सेव किए गए पासवर्ड का दुरुपयोग कर सकते हैं 'साइबर अपराधी'**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि मोबाइल फोन के गुम या चोरी होने की घटनाओं के बाद साइबर फ्रॉड के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। एसपी ने कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल फोन केवल कॉल करने का माध्यम नहीं, बल्कि बैंकिंग, सोशल मीडिया, ईमेल, यूपीआई और अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं का केंद्र बन चुका है। ऐसे में फोन गलत हाथों में जाने पर व्यक्ति को गंभीर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन गुम हो जाता है, तो साइबर अपराधी उसमें मौजूद सिम कार्ड, बैंकिंग ऐप्स, ईमेल, सोशल मीडिया अकाउंट्स और सेव किए गए पासवर्ड का दुरुपयोग कर सकते हैं। कई मामलों में ठग ओटीपी प्राप्त कर बैंक खातों से पैसे निकाल लेते हैं या सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से जान-पहचान वालों से पैसे मांगते हैं।

### सुरक्षा के लिए ये सावधानी बरतें

मोबाइल में स्क्रीन लॉक, पिन, पासवर्ड या फिंगरप्रिंट अवश्य लगाएं। बैंकिंग ऐप्स में अतिरिक्त सुरक्षा जैसे एमपिन व बायोमेट्रिक सक्रिय रखें। फोन में महत्वपूर्ण डाटा को एनक्रिप्ट करके रखें। अनजान ऐप्स डाउनलोड करने से बचें और केवल आधिकारिक ऐप स्टोर का ही उपयोग करें। समय-समय पर अपने डेटा का बैकअप भी लेते रहें। साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत कॉल करें और साइबरक्राइम.जीओवी.इन पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें। एसपी ने कहा कि मोबाइल फोन के गुम होने को हल्के में न लें। थोड़ी सी देरी आपके लिए बड़ा आर्थिक नुकसान बन सकती है।

### फोन गुम होने पर तुरंत करें ये काम

फोन गुम होने पर तुरंत मोबाइल नंबर को ब्लॉक कराने के लिए संबंधित टेलीकॉम कंपनी से संपर्क करें। अपने बैंक खातों, यूपीआई ऐप्स जैसे फोन-पे, गूगल-पे व पेटीएम को अस्थायी रूप से ब्लॉक या लॉगआउट कराएं। ईमेल, सोशल मीडिया व अन्य महत्वपूर्ण अकाउंट्स के पासवर्ड तुरंत बदलें। फाइंड माई डिवाइस या फाइंड माई आईफोन जैसी सुविधा से फोन को ट्रैक या डेटा रिमोटली डिलीट करें। पुलिस स्टेशन में फोन गुम या चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराएं।


रेवाड़ी। सीहा स्कूल में विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

# सीहा स्कूल में रही प्रवेश उत्सव की धूम कक्षा टॉपर्स के साथ पेरेंट्स भी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में ग्राम पंचायत, युवा चेतना संगठन तथा स्कूल प्रबंधन समिति के तत्वावधान में प्रवेश उत्सव के अंतर्गत प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को अलंकृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथ जिला शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र सिंह हुड्डा थे, जबकि अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अशोक नांदल ने की तथा समाजसेवी मेजर डा. टीसी राव ने मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित थे। हरियाणा सरकार के एमिनेंट पर्सन विक्रम पांडे, सरपंच सरिता यादव, युवा चेतना संगठन के प्रधान नरेश भारद्वाज व महासचिव प्रदीप यादव विशिष्ट अतिथि रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि हुड्डा ने अभिभावकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, ग्राम पंचायतों तथा स्कूल प्रबंधन समिति से सरकारी स्कूलों में दाखिला बढ़ाने की अपील की तथा कक्षा टॉपर्स व उनके माता-पिता को सम्मानित किया। बीईओ नांदल ने इंस्पायर अवार्ड, बुनियाद तथा सुपर-100 जैसी प्रोत्साहन योजनाओं का उल्लेख करते हुए सरकारी स्कूलों के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डा. राव बच्चों को छात्र जीवन में सफलता के पांच प्रेरक टिप्स बताए। हिंदी अध्यापक शक्ति सिंह व मंजू शर्मा के संचालन में आयोजित समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय में योगदान देने प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया, जिनमें सरपंच सरिता यादव, सामाजिक कार्यकर्ता नरेश भारद्वाज, प्रदीप यादव, लेखक यशपाल आर्य, कोच होशियार सिंह, स्कूल प्रबंधन समिति से पूर्व प्रधान नरेश कुमार व हेडमास्टर रामकुमार, कोच संदीप कुमार, पूर्व पंच हनुमान सिंह, रामनिवास, राजू,पेंटर नवीन कुमार, पेंटर अशोक कुमार, हेडमास्टर बीर सिंह, विजय कुमार नाहर सिंह, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

# एक्सिडेंट की झूठी सूचना से ठगी का चौथा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



साइबर थाना पुलिस ने कंपनी कर्मचारी को उसके भाई का एक्सिडेंट होने की झूठी सूचना देकर साइबर ठगी करने के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। बावल में किराए के मकान में रह रहे मूल रूप से यूपी के शीतलपुर निवासी जितेंद्र कुमार ने गत वर्ष 30 मई को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि वह बावल की एक कंपनी में काम करता है। 22 मई 2025 को उसके मोबाइल फोन पर एक मैसेज आया था, जिसमें उसे बताया कि उसके भाई का एक्सिडेंट हो गया है। उसे अस्पताल में दाखिल कराने के लिए 80 रुपये भेजो। मैसेज के बाद उसने अपने भाई को फोन किया तो उसका फोन बंद आ रहा था। उसने मैसेज भेजने वाले व्यक्ति को फोन पर अपने भाई का फोटो भेजने के लिए कहा, तो उसने बताया कि पहले उसको अस्पताल में दाखिल कराना जरूर है। इसके लिए पैसे जमा कराने होंगे। उसकी बातों में आकर उसने 80 हजार रुपये फोन-पे से उसके अलग अलग नंबर पर ट्रांसफर कर दिए। बाद में उसका फोन स्विच ऑफ हो गया। इसके बाद उसे ठगी का पता चला। उसकी शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। अब इस मामले में पुलिस ने मध्यप्रदेश के जिला रायसेन के मोहल्ला मंडीदीप निवासी क्रिश साहु को गिरफ्तार किया है। साहु के बैंक खाते में 60 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे।

## बच्चा लापता होने से परिजनों में खलबली पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद तलाशा



रेवाड़ी। पाल्हावास गांव में शुक्रवार सुबह उस समय एक परिवार में खलबली मच गई, जब घर के बाहर खेल रहा 9 साल का बच्चा अचानक लापता हो गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची ईआरवी ने कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे की तलाश की। इसके बाद बच्चा परिजनों को सौंप दिया गया। गांव निवासी धर्मबीर का बेटा सुबह करीब 8 बजे घर के बाहर खेल रहा था। कुछ देर बार परिजनों को बच्चा गायब मिला।

▪ **गांव में के ही एक घर में भोजन कराने के लिए ले गए, दो घंटे तक तलाश करते रहे बच्चे के परिजन**

परिजनों ने आसपास तलाश की, परंतु बच्चे का कोई पता नहीं चला। इसी दौरान बच्चे के दादा ने डायल-112 पर फोन करते हुए बच्चे के लापता होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की ईआरवी 584 गांव में पहुंच गई। पुलिस ने बच्चे की तलाश करने के लिए गांव में सर्च अभियान चलाया, तो दूसरे मोहल्ले में बच्चा मिल गया। इसके बाद बच्चा सकुशल परिजनों को सौंप दिया गया। दूसरे मोहल्ले के जिस घर में बच्चा मिला, वह उसे माता का प्रसाद खिलाने के लिए ले गए थे। ***भोजन तैयार होने में हुई देरी*** जिस घर में बच्चा मिला, उसके परिजनों ने बताया कि कंजका भोजन के साथ कंजक को खाना खिलाने के लिए वह बच्चे को लेकर आए थे। भोजन तैयार नहीं होने के कारण खाना खिलाने में देरी हो गई, जिस कारण वह तुरंत बच्चे को वापस घर नहीं छोड़ सके। बच्चा सकुशल मिलने के बाद परिजनों और पुलिस ने राहत की सांस ली। परिजनों ने बाद में पुलिस का आभार भी जताया।

## शिकायतों का स्थाई समाधान करने उपरांत करें एटीआर अपलोड: सीटीएम

रेवाड़ी। नगराधीश जितेंद्र कुमार ने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का स्थाई समाधान करते हुए एक्शन टेकन रिपोर्ट यानि एटीआर अपलोड करें। सीटीएम शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाधान पोर्टल पर हर विभाग की एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड होनी चाहिए। सभी अधिकारी जन शिकायतों को पूरी गंभीरता से लें और उनका शीघ्र व स्थाई समाधान करें। शिकायत पर की गई कार्रवाई से वादी पक्ष संतुष्ट होना चाहिए। बैठक में एचपी बंसल, राजीव रंजन,राजेंद्र यादव, दीपक, कंवर सिंह, योगेश व सुरेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### कैदियों के लिए स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया

रेवाड़ी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला जेल में कैदियों के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कैंप कैदियों का जनरल चैकअप किया। इस अवसर पर डीएलएसए स्टाफ, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर सहित उनकी टीम उपस्थित थी।



### नगर परिषद ने हटवाए बिना अनुमति लगे होर्डिंग्स

रेवाड़ी। शहर में बिना अनुमति बिजली के पोल व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर प्रचार के होर्डिंग्स लगाए गए हैं। नगर परिषद की ओर से अभियान चलाकर इन होर्डिंग्स को हटवाया जाना शुरू कर दिया है। शहर में जगह-जगह बिजली के पोल व अन्य स्थानों पर बिना अनुमति के प्रचार के बोर्ड व होर्डिंग्स लगाए हुए हैं। इससे नगर परिषद को राजस्व के नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को अधिकारियों के आदेश पर नगर परिषद के कर्मचारी ट्रैक्टर लेकर सड़कों पर उतरे। सैकड़ों बोर्ड व होर्डिंग्स हटाकर जब्त कर लिए गए। वहीं दूसरी ओर नगर परिषद कर्मचारियों ने कई प्रभावशाली लोगों के होर्डिंग्स हटाने की हिम्मत नहीं दिखाई, जिससे यह कार्रवाई सवालों के घेरे में आ गई।

### यादव सभा का नि:शुल्क हेल्थ चैकअप कैंप व बैठक कल

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से 29 मार्च को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। कैंप का समय सुबह 9 से 11 बजे तक रहेगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में अनुभवी डॉक्टर मेडिसन, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग व चर्म रोग के मरीजों को ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा फिजियोथेरेपी की सुविधा भी दी जाएगी।

### अंतरिक्ष टावर्स में रक्तदान शिविर का आयोजन कल

रेवाड़ी। लायंस क्लब, भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा और आरडब्ल्यूए अंतरिक्ष टावर्स के संयुक्त तत्वावधान में 29 मार्च को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के प्रोजेक्ट समन्वयक विजय प्रकाश पांडे व लायन संदीप गोयल ने बताया कि शिविर सुबह 9:30 बजे से अंतरिक्ष टावर्स स्थित सामुदायिक केंद्र में शुरू होगा। संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने कहा कि रक्तदान एक नेक कार्य है और जरूरतमंद लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सहायता है। उन्होंने निवासियों और आम जनता से इस मानवीय कार्य में सक्रिय रूप से भाग लेने और योगदान देने का आह्वान किया।


रेवाड़ी। बैठक में समीक्षा करते हुए एसडीएम सुरेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

## एससी, एसटी के मामलों में पीड़ित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता मुहैया कराए

रेवाड़ी। शुक्रवार को अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर एसडीएम सुरेश कुमार ने अनुसूचित जाति, जनजाति के तहत दर्ज हुए मुकदमों की समीक्षा की। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अनुसूचित वर्ग के किसी परिवार की उत्पीड़न या डराने-धमकाने की कोई शिकायत आए तो पुलिस विभाग तुरंत कार्यवाही शुरू करें। उन्होंने कहा कि यही छोटे मामले भविष्य में बड़े अपराध की शक्ल अख्तियार कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग एससी, एसटी के मामलों में पीड़ित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता मुहैया कराए। इस मौके पर तहसील कल्याण अधिकारी सुमेर सिंह ने बताया कि हत्या से संबंधित 3 मामलों में पीड़ित परिवारों को 16 लाख 50 हजार रुपये तथा दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में पीड़ित परिवार को 8 लाख 25 हजार रुपये, दुष्कर्म के 2 मुकदमों में को 9 लाख 18 हजार 750 रुपये तथा मारपीट से संबंधित 5 मामलों में प्रभावित हुए परिवारों को 5 लाख 25 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई है। इस मौके पर जाटूसाना के बीडीपीओ अमन कुमार, खोल के बीडीपीओ संदीप शर्मा, एसईपीओ संजय सिंह, ऑफिस कानूनगो रामनिवास, चित्र कुमार, सविता देवी, कौशल चंद व अजीत सिंह उपस्थित थे।

**भक्ति** मंदिरों में दिनभर मां दुर्गा के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं को तांता लगा रहा

# अंतिम दिन मंदिरों में मां सिद्धिदात्री की हुई पूजा, हवन-यज्ञ कर प्रसाद बांटा


रेवाड़ी। नवमी पर दुर्गा माता की पूजा करते श्रद्धालु, प्रसाद ग्रहण करते हुए कंजिकाएं तथा दुर्गा माता मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

चैत्र माह के अंतिम नवरात्रे पर श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को मां दुर्गा की 9वीं शक्ति सिद्धिदात्री देवी की पूरे विधि-विधान के अनुसार पूजा-अर्चना की। शहर के विभिन्न मंदिरों में प्रातः से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। शहर के बारा हजारी दुर्गा मंदिर, नई बस्ती मंसा देवी मंदिर, बड़ा तालाब मंसा माता मंदिर, धारूहेड़ा चुंगी कालीमाता मंदिर, बारा पत्थर कालीमाता मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में दिनभर मां दुर्गा के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं को तांता लगा रहा। मंदिर कमेटी की ओर से नवरात्र के समापन पर हवन-यज्ञ करके प्रसाद वितरित किया गया। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि मां सभी प्रकार की सिद्धियों की जननी है। यदि श्रद्धालु साफ मन से मां की उपासना करें तो उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। जिला प्रशासन ने भी मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए थे।

### व्रतियों ने कंजिकाओं को कराया भोजन

नवरात्रों के समापन पर व्रतियों ने मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर कंजिकाओं को भोजन कराया और उनसे सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद भी लिया। नवमी पर व्रतों का समापन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या काफी अधिक रही। कंजिकाएं मां दुर्गा का रुप मानी जाती हैं। कुछ व्रतियों ने तो पूजा अर्चना कर कंजिकाओं के लिए भोजन पैक कर उनके घर ही भिजवा दिया। मंदिरों में भी पूरे दिन भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। संस्थाओं से जुड़े लोगों ने भी नवरात्र के व्रतों का समापन कंजिकाओं को भोजन कराकर किया। कन्याओं का पूजन कर उन्हें उपहार भी भेंट किए गए।

### धर्मप्रेमियों ने हवन करके मनाया पर्व

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म नवमी को हुआ था, इसलिए इस पर्व रामनवमी को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्र के समापन पर राम नवमी का पर्व मंदिरों, आश्रमों व शिवालयों में धूमधाम से मनाया गया। धर्मप्रेमियों ने अपने घरों पर में इस पर्व को हवन-यज्ञ कर मनाया। कई सामाजिक संस्थाओं की ओर से विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी किए गए। श्रीराम नवमी के अवसर पर हवन-यज्ञ के साथ महिलाओं ने भजन-कीर्तन भी किया।